● ब्यावर ● किशनगढ़ ● पुष्कर ● केकड़ी ● नसीराबाद ● देवली ● निवाई ● मसूदा

जन्मदिन मुबारक

अनुज राठी
पुत्र: विजय राठी
(जयपुर)

विशाल कुमार
पुत्र: राम नारायण
(जयपुर)

पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन विवाह वर्षगांठ

बेटे/बिटिया के जन्मदिन
नव-विवाहित जोड़े की
अपने विवाह की वर्षगांठ की

फोटो हमें भेजें। प्रकाशन निःशुल्क होगा
newsjpr@punjabkesari.net.in
whatsapp
9803164436
नोटः मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।

क्विक रीड

मोदी सरकार ने 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए : मदन राठौड़

भीलवाड़ा, (मुकेश राठी):भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में उन्होंने कहा कि देश ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण योजनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने प्रबुद्धजन वर्ग से केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर पालिका मालपुरा द्वितीय श्रेणी में क्रमोन्नत

मालपुरा, (पवन टेलर) : राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने नगर पालिका मालपुरा को चतुर्थ श्रेणी से द्वितीय श्रेणी में क्रमोन्नत करने की अधिसूचना जारी की है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत यह निर्णय सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद लागू किया गया है। इस निर्णय के बाद नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिसूचना के अनुसार अब नगर पालिका के संसाधनों में वृद्धि होगी तथा नागरिक सुविधाओं का विस्तार अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने की संभावना है।

महिला से दुष्कर्म के आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

टोंक, (ब्यूरो): कोतवाली थाना पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपी मोहम्मद करीम (44) निवासी रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे स्थित मोहल्ला है। थानाधिकारी बी.एल. वैष्णव ने बताया कि पीड़िता ने 26 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला का आरोप है कि 21 अप्रैल को बाजार से लौटते समय परिचित आरोपी ने उसे कार में बैठाया और नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे सवाई माधोपुर ले जाकर एक मकान में रखा तथा दुष्कर्म किया।

बीएड कॉलेजों में धांधली की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

अजमेर, 16 जून (ब्यूरो): विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड और स्पेशल बीएड कॉलेजों में चल रही कथित अनियमितताओं, अवैध डोनेशन वसूली और फर्जी उपस्थिति के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक बार फिर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जांच समिति की रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक करने और दोषी कॉलेजों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

यह है मामला: विगत दिनों एबीवीपी द्वारा नागौर, डीडवाना, अजमेर और टोंक जिले के विभिन्न बीएड व स्पेशल बीएड कॉलेजों में शिक्षकों की कमीए अवैध डोनेशन और विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों से खिलवाड़ संबंधी गंभीर शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। छात्र संगठन के उग्र प्रदर्शन और कुलपति सचिवालय के घेराव के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था। सूत्रों के अनुसार जांच समिति ने संबंधित जिलों के कॉलेजों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी हैए लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी इस रिपोर्ट को न तो सार्वजनिक किया गया है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है।

एबीवीपी ने दी चेतावनी : छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यह मामला हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और विश्वविद्यालय की साख से जुड़ा हुआ है। ज्ञापन में मांगें की गई कि नागौर, डीडवाना, अजमेर और टोंक के बीएड कॉलेजों की जांच रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक किया जाए। अवैध डोनेशन वसूली और फर्जी हाजिरी के दोषी कॉलेजों के खिलाफ नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई हो। कॉलेजों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए हर महीने उपस्थिति रजिस्टर और शिक्षकों की सूची विश्वविद्यालय मंगवाई जाए। सभी संबद्ध बीएड और निजी कॉलेजों की जांच के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाए। भविष्य में ऐसी धांधली रोकने के लिए एक स्थायी निगरानी और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए।

हजारों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

छात्र प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि जांच समिति की रिपोर्ट में अनियमितताएं प्रमाणित हुई हैं, तो विश्वविद्यालय प्रशासन इसे छुपा क्यों रहा हैघ् दोषी संस्थानों पर कार्रवाई में ढिलाई सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। अगर जल्द ही रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई,तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगी,जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित निर्णय लेने और विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर कितनी जल्दी कार्रवाई करता है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
शाखा- पीसांगन, जिला अजमेर (राज.) फोन नं. 0145-2775230, मो. 8094007047; ई-मेलः pisang@bankofbaroda.com

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बडौदा शाखा- पीसांगन जिला- अजमेर द्वारा दिये गये ऋण खाता मेसर्स जगदम्बा इंडस्ट्रीज में अनुबन्ध के अनुसार पुनर्भुगतान ना करने के कारण सम्बन्धित ऋणीयों को बकाया रकम चुकाने हेतु नोटिस दिया गया था। इसके पश्चात भी निश्चित समयावधि में ऋण राशि जमा करवाने में असफल रहने के कारण बैंक द्वारा दृष्टिबन्धक प्लांट व मशीनरी की ऋण राशि की वसूली हेतु जहाँ है, जैसी है, जो भी है जो खसरा नं. 1456/6800, का भाग सेक्टर 2, आर्दश नगर तह. पीसांगन जिला अजमेर (राज.) में स्थित है, की दिनांक 28.07.2026 को सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित की जा रही है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये शाखा प्रबंधक से मो.नं. 8094007047 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	शाखा का नाम	आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि, बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी दिनांक व समय व बोली वृद्धि समय
1	मेसर्स जगदम्बा इंडस्ट्रीज, (ऋणी) पुराना गोविंद गढ़ रोड, आदर्श नगर, पीसांगन जिला अजमेर (राज.) 1- श्री नन्दकिशोर शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा, (पार्टनर) सेवडा, मोहल्ला, पीसांगन जिला अजमेर (राज.) 2- श्री मनोहर वैष्णव पुत्र श्री द्वारका दास वैष्णव (पार्टनर) 128, सरसरी, तह. पीसांगन, जिला अजमेर (राज.)	बैंक ऑफ बड़ौदा पीसांगन, जिला-अजमेर	आरक्षित मूल्य- रू. 2,98,000/- अग्रिम धनराशि- रू. 29,800/- बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/-	28.07.2026 समय प्रातः 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक (प्रत्येक 05 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

धरोहर राशि जमा करवाने की दिनांक व समय :- दिनांक 27.07.2026 को समय सांय 04:00 बजे तक।
नोटः- निरीक्षण दिनांक 20.07.2026 समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक

नीलामी के नियम एवं शर्ते निम्नानुसार रहेगी :- नीलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि 10 प्रतिशत नीलामी पूर्व दिनांक 27.07.2026 को दोपहर 04:00 बजे तक जमा करानी होगी। नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम राशि प्रस्तावित करने वाले को (बैंक द्वारा बोली स्वीकार करने की स्थिति में) नीलामी की 25 प्रतिशत राशि उसी समय मौके पर अथवा अधिकतम 24 घण्टे के भीतर जमा करानी होगी, शेष राशि नीलामी तिथि से 15 दिवस के भीतर शाखा में जमा करवाने पर प्लांट एंड मशीनरी का कब्जा दिया जा सकेगा। दी गई अवधि में राशि जमा नहीं कराने पर पूर्व में जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
नीलाम किये जा रहे प्लांट व मशीनरी से सम्बन्धित किसी भी तरह के चार्जेज, टैक्स, जी.एस.टी. या अन्य दायित्वों (यदि कोई हो तो), का वहन केता को ही करना पडेगा जिसके लिये बैंक प्रतिभूत लेनदार जिम्मेदार नहीं होगा। प्लांट व मशीनरी के पंजीयन एवं हस्तान्तरण कराने आदि के समस्त व्यय एवं औपचारिकताओं की पूर्ति की जिम्मेदारी बोली छुडाने वाले की होगी। नीलामी में आखिरी बोली स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार शाखा प्रबन्धक के पास सुरक्षित रहेगा।
नीलामी दिनांक 28.07.2026 को सार्वजनिक ई-नीलामी दिये गये वेबसाईट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://BAANKNET.Com), एंव अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ बडौदा, शाखा- पीसांगन जिला अजमेर मो. 8094007047 से सम्पर्क करे।
शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा

रोबोटिक सर्जरी से जुडा अजमेर का जेएलएन अस्पताल, रचा इतिहास

रोबोट ने पहले दिन किए 3 ऑपरेशन

- अगुरुदक्षिणा स्वरूप पूर्व छात्र ने दिए 18 करोड़ के दो रोबोट
- विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया उद्घाटन, कहा, चिकित्सा शिक्षा और नवाचार के नए युग की शुरुआत

अजमेर : आधुनिक रोबोटिक ऑपरेशन थिएटर व नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और रोबोटिक सर्जरी यूनिट का उद्घाटन करते विधानसभा देवनानी सहित अन्य।

अजमेर, 16 जून (ब्यूरो): चिकित्सा और तकनीक के क्षेत्र में अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल ने मंगलवार को एक नया इतिहास रच दिया है। अस्पताल में अब मरीजों को बेहद अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी। इस नई तकनीक की शुरुआत के साथ ही जेएलएन अस्पताल प्रदेश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों की कतार में शामिल हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अस्पताल में नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और रोबोटिक सर्जरी यूनिट का विधि-विधान से उद्घाटन किया। खास बात यह रही कि उद्घाटन पर पहले ही दिन रोबोट की मदद से तीन सफल सर्जरी की गई। अस्पताल को जेएलएन मेडिकल कॉलेज के 1965 बैच के पूर्व छात्र और सीटीवीएस सर्जन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने अपनी मातृसंस्था को गुरुदक्षिणा के रूप में दी है। स्वदेशी रोबोटिक सर्जरी तकनीक विकसित करने वाले डॉ. श्रीवास्तव ने मेडिकल कॉलेज की डायमंड जुबली के दौरान रोबोट देने की घोषणा की थी, जिसे अब साकार रूप मिला है।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनिल सामरिया ने बताया कि अस्पताल को 9.9 करोड़ की लागत वाले दो अत्याधुनिक रोबोट मिले थे, इनमें से एक रोबोट को सीटीवीएस यूनिट में स्थापित कर दिया गया है। मूल रूप से जोधपुर के रहने वाले डॉ. सुधीर श्रीवास्तव अमेरिका में 4 हजार से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी कर चुके हैं और तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान के लिए केंद्र सरकार भी उन्हें सम्मानित कर चुकी है।

तीन सफल ऑपरेशन हुए, गुरु दक्षिणा स्वरूप दी सौगात: जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारंभ होने के साथ ही तीन जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। डॉ. शिवकुमार बुनकर के नेतृत्व में पित्ताशय और हर्निया के दो ऑपरेशन किए गए, जबकि चिकित्सकों की टीम ने रोबोटिक तकनीक से जटिल हृदय सर्जरी भी सफलतापूर्वक की। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि भविष्य में इस तकनीक का उपयोग कैंसर, स्त्री रोग, हृदय एवं यूरोलॉजी से जुड़ी जटिल सर्जरी में किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसे चिकित्सा शिक्षा और नवाचार के नए युग की शुरुआत बताते हुए गरीब मरीजों को भी इसका लाभ दिलाने की बात कही।

धनराज मरते-मरते भी दो जनों के जीवन में भर गया रोशनी

देवली, 16 जून (कृष्ण गोपाल शर्मा): दुनिया में रोशनी देने वाली लाइट का शिकार होकर धनराज कल जीवन की अंतिम सांस ले ली, लेकिन धनराज मरते मरते भी दो जनों के जीवन में रोशनी भर गया। परिजनों ने धनराज के दोनों नेत्र दान कर एक अनुकरणीय कार्य किया है। देवली क्षेत्र के दुर्गापुरा ढाणी के निवासी धनराज बैरवा 2 जून को बिजली के खंभे पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा इलाज के दौरान धनराज को बचाने के लिए चिकित्सकों को धनराज के दोनों हाथ व एक पांव भी काटने पड़े थे, लेकिन धनराज को बचा नहीं पाए, ओर धनराज ने रविवार को सुबह 9:00 बजे इस संसार को अलविदा कर दिया था। धनराज की मौत के बाद परिजनों ने निर्णय लेते हुए मरणोपरांत नेत्रदान करने की सहमति दी। आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान की टीम ने अस्पताल पहुंचकर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। सोसाइटी द्वारा परिजनों को इस नेक कार्य के लिए 'दृष्टिदाता सम्मान पत्र' दिया गया। परिजनों के इस निर्णय से किन्हीं दो जरूरतमंद व्यक्तियों को नई रोशनी मिल सकेगी और वे इस दुनिया को देख पाएंगे।

HDFC BANK
We understand your world
नीलामी बिक्री सूचना

संबंधित ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खातों में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ये वस्तुएँ उन ऋणकर्ताओं द्वारा प्रतिज्ञा की गई थीं जिन्होंने निष्पादित ऋण समझौतों की शर्तों के अनुसार अपनी देनदारियों का पुनर्भुगतान न कर पाने के बावजूद, HDFC बैंक लिमिटेड ('बैंक') द्वारा उनके बकाया राशि चुकाने के लिए जारी किए गए अनुस्मारकों के बावजूद, अपने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक ने पहले नोटिस जारी किए थे जिसमें ऋणकर्ताओं को उनके संबंधित लोन खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए सात (7) दिनों का समय दिया गया था। चूंकि ऋणकर्ताओं ने अपने खातों को नियमित नहीं किया है, बैंक ने, ऋण समझौते और लागू कानून के तहत बंधककर्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी को लागू करने और देय राशि वसूलने के लिए गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया है। नीलामी नीचे उल्लेखित शाखा(ओं) में दोपहर 3:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई भी गिरवी रखी गई सुरक्षा की नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित या पूरी नहीं की जा सकती है, तो बैंक बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के किसी भी आगामी तिथि और समय पर नीलामी जारी रखने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र.सं.	ऋण नंबर	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी दिनांक	नीलामी स्थान (शाखा पता)
1	4001043253	लोकेश सिंह राजपूत	152000	18-जुलाई-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, 7बी-49 से 7बी-54, चंद्र शेखर आजाद नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
2	4000833934	आशा पारीक	57800	18-जुलाई-26	
3	4001248233	पूनम सिंह	303000	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मिल रोड, जिला- अजमेर, विजयनगर, राजस्थान-305624
4	75458902	मुकेश चौधरी	39000	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 11 बी, खसरा नंबर 303, रूपनगढ़ रोड, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, किशनगढ़, राजस्थान-305801
5	75931813	मीनाक्षी दिवाकर	657400	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, राजस्थान पत्रिका बिल्डिंग, वैशाली नगर, अजमेर, राजस्थान-305001
6	76017327	मीनाक्षी दिवाकर	501000	25-जून-26	
7	74037452	परमवीर सिंह पंवार	24500	18-जुलाई-26	
8	75929894	गौरव सिंह	415000	18-जुलाई-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, तीर्थ स्थान, होटल विनोद, स्टेशन रोड, ब्यावर, राजस्थान-305901
9	4000469102	शेर सिंह रावत	37000	25-जून-26	
10	4000917721	पप्पू रतनलाल गादरी	97000	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, कोर्ट चौराहा, वार्ड नंबर 7 रायपुर रोड, गंगापुर, जिला भीलवाड़ा-311801
11	4000928373	रायना बेगम	77000	18-जुलाई-26	
12	75768545	ममता महेन्द्र	110000	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, वेलकम प्लाजा, बस स्टैंड, शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान, शाहपुरा, राजस्थान-311404
13	75562732	जयसिंह पुत्र मंगला	35000	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, विद्या सागर कॉम्प्लेक्स, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, प्लॉट नंबर 158, अनाज मंडी के सामने, सरकारी अस्पताल के पास, नसीराबाद, अजमेर, राजस्थान 305601
14	74411903	गोपाल चौधरी	15500	25-जून-26	
15	75954497	धर्मेन्द्र चौधरी	151000	25-जून-26	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, C/O श्री राम वैकुंठ मंदिर, गुरुद्वारा के सामने, पुष्कर, जिला-अजमेर, पुष्कर, राजस्थान-305022

नीलामी को सख्ती से ''जैसा है वहाँ है'', ''जैसा है वह है'', और ''जो कुछ है वही है'' के आधार पर किया जाएगा।
बैंक गिरवी रखे गए सोने के गहनों/आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेटेज, वजन, या मूल्यांकन के संबंध में कोई वारंटी और स्पष्ट या निर्धारित प्रतिनिधित्व नहीं देता है। संभावित बोलीदाता नीलामी से पहले पंजीकृत वस्तुओं की स्थिति, शुद्धता, कैरेट, वजन और मूल्यांकन की जांच करने और स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। नीलामी से 45 मिनट पहले निरीक्षण की अनुमति पूरी तरह से बोलीदाताओं की लागत, जोखिम और विवेक पर दी जाएगी। नीलामी में भाग लेकर, बोलीदाता यह माना जाएगा कि उन्होंने गिरवी रखी गई वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किया है और बैंक द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व पर निर्भर किए बिना सभी संबंधित जोखिमों को स्वीकार करते हैं। बिक्री के बाद किसी भी परिस्थिति में वापसी, विनिमय, रिफंड, मुआवजा, या रद्द करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
सभी बोलियाँ बैंक द्वारा लागू नियामक मानदंडों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य के अधीन होंगी। नीलामी मूल्य इस पर आधारित होगा कि निम्नलिखित में से कौन सा कम है: (a) पिछले तीस (30) दिनों के लिए सोने का औसत समापन मूल्य या (ख) भारत बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (IBJA) द्वारा तुरंत पूर्ववर्ती दिन प्रकाशित सोने का अंत मूल्य। बैंक को आरक्षित मूल्य को अंतिम रूप देने और आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अतिरिक्त शर्तों को लगाने का एकमात्र विवेकाधिकार है।
यदि कोई भी ऋणकर्ता नीलामी शुरू होने से पहले ऋण अनुबंध के अनुसार संपूर्ण बकाया राशि चुका देता है, तो उस खाते के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने, बैंक के विवेकानुसार, आगे की सूचना के बिना नीलामी से वापस ले लिए जा सकते हैं।
नीलामी और किसी भी परिणामी बिक्री पर किसी भी आगे के नियम और शर्तें लागू रहेंगी, जिन्हें बैंक, अपनी एकमात्र और पूर्ण विवेक पर, समय-समय पर लागू, संशोधित या निर्धारित कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि बैंक के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी को नीलामी की कार्यवाही को बिना पूर्व सूचना के स्थगित करने, टालने, संशोधित करने, निलंबित करने या रद्द करने का पूर्ण और असीमित विवेकाधिकार प्राप्त है। अधिकृत अधिकारी किसी भी बोली(यों) को, पूरे या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, और यह निर्णय अंतिम, निर्णायक और सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होगा।
दिनांक: 17.06.2026, स्थान: अजमेर/ भीलवाड़ा
हस्ता./- अधिकृत अधिकारी,
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

सीटेट में पेपर बदलने का आखिरी मौका, कल तक कर सकेंगे आवेदन में संशोधन

अजमेर,16 जून (ब्यूरो): केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) 2026 के अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आवेदन पत्र में संशोधन के साथ चुने गए पेपर (कोर्स) में बदलाव का अवसर दिया है। इसके लिए करेक्शन विंडो 18 जून तक खुली रहेगी। कई अभ्यर्थी आवेदन भरते समय पेपर 1 और पेपर-2 के चयन को लेकर भ्रमित हो जाते हैं या बाद में अपनी पात्रता एवं करियर योजना के अनुसार विकल्प बदलना चाहते हैं। ऐसे उम्मीदवार निर्धारित अवधि में सीटेट पोर्टल पर जाकर आवेदन विवरण और पेपर चयन में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं।

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि 18 जून के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे अपने आवेदन की सभी जानकारियां दोबारा जांच लें। गौरतलब है कि पेपर-1 कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षक बनने की पात्रता के लिए आयोजित किया जाता है, जबकि पेपर-2 कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षकों के लिए होता है।

अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम का विरोध, अधिकारियों से अभद्र व्यवहार

टोंक, 16 जून (भगवान सहाय शर्मा): जिले के लहन गांव में सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद और प्रशासनिक टीम को ग्रामीणों के तीव्र विरोध का सामना

करना पड़ा। विरोध के दौरान कुछ महिलाओं ने अधिकारियों को घेर लिया तथा कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर प्रशासनिक दल को बिना कार्रवाई किए लौटना पड़ा। मामले को लेकर नगर परिषद ने मेहंदवास थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देश पर सोमवार को नगर परिषद की टीम, पुलिस जाब्ते और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ड संख्या एक स्थित लहन गांव में पहुंची थी। यहां सड़क मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित थी। इसके लिए तहसीलदार भगवती जैन को मौके का मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। टीम में राजस्व अधिकारी अभिषेक शर्मा और राजस्व निरीक्षक सौरभ गर्ग भी शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने पहले संबंधित परिवारों को बुलाकर समझाइश की और स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने को कहा। बताया जा रहा है कि सड़क पर किए गए अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि समझाइश के बावजूद कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। विरोध के दौरान कुछ महिलाएं अधिकारियों के पास पहुंच गईं। आरोप है कि महिलाओं ने राजस्व निरीक्षक सौरभ गर्ग को पकड़ने का प्रयास किया तथा उनके पैरों में बैठकर कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की। वहीं राजस्व अधिकारी अभिषेक शर्मा को भी घेर लिया गया। अचानक बने तनावपूर्ण माहौल के कारण अधिकारियों को मौके से हटना पड़ा। राजस्व अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक दल सड़क से अतिक्रमण हटाने की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंचा था।

आज का राशिफल

17 जून 2026, बुधवार

द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल तिथि तृतीया (रात 9.39 तक) तथा तदोपरांत तिथि चतुर्थी। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-

सूर्य मिथुन में **चन्द्रमा** मिथुन में **मंगल** मेष में | **बुध** मिथुन में **गुरु** कर्क में **शुक्र** कर्क में | **शनि** मीन में **राहू** कुंभ में **केतु** सिंह में



विक्रमी सम्वत् : 2083, आषाढ़ प्रविष्टे 3, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1948, दिनांक: 27 (ज्येष्ठ), हिजरी साल 1448, महीना मुहर्रम, तारीख 1, सूर्योदय: प्रात: 5.27 बजे, सूर्यास्त: सायं 7.30 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र: पुनर्वसु (दोपहर 1.37 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र पुष्य, योग: ध्रुव (रात 8.51 तक) तथा तदोपरांत योग व्याघात, चंद्रमा: मिथुन राशि पर (प्रात: 8.14 तक) तथा तदोपरांत कर्क राशि पर प्रवेश करेगा। दिशा शूल : उत्तर तवं वायव्य दिशा के लिए, राहूकाल : दोपहर बारह से डेढ़ बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार: रम्भा तृतीया व्रत, महाराणा प्रताप जयंती, हिजरी साल 1448 तथा हिजरी (मुस्लिम) महीना मुहर्रम शुरू।
पं. असुगरि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।

मेष : कोर्ट कचहरी में हाकिमों का रुख तथा रवैया सॉफ्ट रहेगा तथा वे आपके पक्ष, आपकी बात को ध्यान के साथ सुनेंगे।

वृष: बड़े लोग मेहरबान, सॉफ्ट-सपोर्टिव रहेंगे, शत्रु भी आपके समक्ष टिकने की हिम्मत न कर सकेंगे, तेज-प्रभाव दबदबा बना रहेगा।

मिथुन: ड्रिंक्स, कैमिकल्स, रंग-रोगन, पैट्रोलियम तथा सी प्रॉडक्ट्स का काम करने वालों को अपने कामों में भरपूर लाभ मिलेगा।

कर्क : व्यापार तथा कामकाज की दशा सुखद, कोशिशों प्रोग्रामों में कामयाबी मिलेगी, खुशदिल मूड के कारण आपको हर काम सहल दिखेगा।

फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
Kundli TV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...

सिंह : ध्यान रखें कि उलझनों के कारण आपकी बनी बनाई प्लानिंग न उखड़-बिगड़ जाए, सफर भी न करना ठीक रहेगा।

कन्या : सितारा धन लाभ वाला, कामकाजी टूरिंग भी लाभ देगी, यत्न करने पर कोई कारोबारी समस्या राह से हट सकती है।

तुला: सरकारी गैर-सरकारी कामों में कामयाबी मिलेगी, अफसरों के रुख में लचक तथा सॉफ्टनैस रहेगी, इरादों में कामयाबी।

वृश्चिक: धार्मिक कामों के साथ लगाव, कथा वार्ता, भजन कीर्तन सुनने में रुचि, अर्थ दशा भी बेहतर रहेगी मगर गिरने-फिसलने का डर।

धनु : सितारा सेहत के लिए कमजोर, इसलिए नाप-तौल कर खान-पान करना सही रहेगा, किसी के झमेले में भी न फंसें।

मकर: अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, सफलता साथ देगी, फैमिली फ्रंट पर मधुरता-सौहार्द बना रहेगा।

कुंभ: किसी मजबूत शत्रु के टकरावी मूड के कारण आपकी परेशानियां बढ़ने का डर, मन भी अशांत-परेशान रहेगा।

मीन : संतान का सहयोगी रुख आपकी किसी समस्या को संवारने में मददगार हो सकता है, मान-सम्मान की प्राप्ति।

किशनगढ़ में महिला ने तीन युवकों पर लगाए गंभीर आरोप

मदनगंज किशनगढ़, 16 जून (जसवंत दारा): किशनगढ़ के गांधीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा तीन युवकों के खिलाफदर्ज कराई गई रिपोर्ट ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पीड़िता ने एडवोकेट आस्था बेरवा के माध्यम से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए धाकड़ गुर्जर, शाहरुख और इमरान नामक युवकों पर गैंगरेप, ब्लैकमेलिंग, मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता का आरोप है कि मुख्य आरोपी ने अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर उससे संपर्क किया और शादी का झांस